# 90 से अधिक अधिकारियों के प्रमोशन

## आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को नए साल में पदोन्नति की सौगात

**भोपाल, 31 दिसंबर. भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा आईपीएस के 90 से अधिक अधिकारियों को नए वर्ष के आगमन के साथ ही प्रमोशन की सौगात मिली है. इस संबंध में बुधवार को विधिवत आदेश जारी कर दिए गए हैं.**




वर्ष 2002 बैच के आईएएस अधिकारी एम सेलवेंद्रन को सचिव से प्रमुख सचिव के रूप में पदोन्नति दी गयी है. वे अब सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव होंगे. अब तक वे सचिव के रूप में कार्यरत थे. पदोन्नति आदेश एक जनवरी 2026 से प्रभावशील माने जाएंगे. वर्ष 2013 बैच के 24 अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान (सिलेक्शन ग्रेड) 1,23,100 - 2,15,900 रुपए में पदोन्नत किया गया है. इनमें धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र और कुछ और जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं. वर्ष 2010 बैच के 16 अधिकारियों को अधिसमय वेतनमान (सुपर टाइम स्केल) 1,44,200 - 2,18,200 रुपए (पे मेट्रिक्स) में पदोन्नत किया गया है. वर्ष 2022 के 9 आईएएस अधिकारियों को वरिष्ठ समय वेतनमान (सीनियर टाइम स्केल) 6,77,00-2,08,700 रुपए (पे मेट्रिक्स 11) के ग्रेड में पदोन्नति प्रदान की गयी है. वर्ष 2017 बैच के 15 अधिकारियों को नौ वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड 78,800-209200 रुपए (पे मेट्रिक्स 12) में प्रमोशन दिया गया है. इसके साथ ही 2011 बैच के राजस्व विभाग में पदस्थ अपर सचिव संजय कुमार को इसी पद पर श्रम विभाग में स्थानांतरित किया गया है. 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी आशुतोष रॉय को विशेष पुलिस महानिदेशक, अजाक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल में पदोन्नत किया गया है. वे अब तक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के रूप में इसी शाखा में कार्यरत थे. जबलपुर के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा को पदोन्नत कर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बनाया गया है. 2008 बैच के तीन आईपीएस अधिकारियों को उप महानिरीक्षक से पदोन्नत कर महानिरीक्षक पदस्थ किया गया है. इन्हें भारतीय पुलिस सेवा के वेतन मेट्रिक्स 14 के तहत वेतन प्रदान किया जाएगा.

> इसी तरह 2010 बैच के शेष तथा 2011 तथा 2012 बैच के तेरह अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान देकर उप महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है. एक जनवरी 2026 को तेरह वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 11 अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है. प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत सात वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को प्रोफार्मा पदोन्नति दी गयी है. वहीं 2017 बैच के छह आईपीएस अधिकारियों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड, वेतन मेट्रिक्स 12 स्वीकृत किया गया है. हालाकि इन अधिकारियों के साथ शर्त जोड़ी गयी है कि वे मिड कैरियर ट्रेनिंग फेज पूरा करेंगे.

# महाकुंभ मेला-2026 : प्रयागराज के दो स्टेशनों पर 12 ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव

## भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेनों का 2 मिनट का ठहराव

**भोपाल, 31 दिसंबर. महाकुंभ मेला-2026 के दौरान श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है.**

रेलवे प्रशासन ने भोपाल मंडल होकर संचालित 12 ट्रेनों को प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशन पर 2 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है. यह अतिरिक्त ठहराव जनवरी एवं फरवरी 2026 के दौरान निर्धारित तिथियों में प्रभावी रहेगा. इन ट्रेनों में जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, दानापुर-उधना, दरभंगा-पुणे, अहमदाबाद-दरभंगा, बनारस-उधना तथा पुणे-गोरखपुर जैसे प्रमुख मार्गों की एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं. विभिन्न ट्रेनों को अलग-अलग तिथियों में 2 से 25 ट्रिप तक अतिरिक्त ठहराव दिया गया है, जिससे महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी. रेलवे प्रशासन का उद्देश्य महाकुंभ के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को सुचारु रूप से नियंत्रित करना और यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं समयबद्ध यात्रा उपलब्ध कराना है. रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पूर्व संबंधित ट्रेन संख्या, तिथि और समय-सारिणी की जानकारी आधिकारिक रेलवे वेबसाइट, एनटीईएस अथवा नजदीकी रेलवे स्टेशन से अवश्य प्राप्त कर लें.

### यात्रियों को 3% राहत, रेलवन ऐप से छूट

> रेलवे द्वारा डिजिटल टिकट बुकिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नई पहल की गई है. इसके तहत रेलवन मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने वाले यात्रियों को 3 प्रतिशत की सीधी छूट का लाभ मिलेगा. यह सुविधा 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक प्रायोगिक रूप से लागू रहेगी. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि वर्तमान में रेलवन ऐप पर आर-वॉलेट के माध्यम से बुकिंग करने पर 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक दिया जाता है. नई व्यवस्था के तहत अब आर-वॉलेट को छोड़कर सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को सीधे टिकट मूल्य में 3 प्रतिशत की छूट मिलेगी. वहीं, आर-वॉलेट से बुकिंग करने पर पूर्ववत बोनस कैशबैक की सुविधा जारी रहेगी.

## ट्रक की चपेट में आने से छात्र की मौत

**मुरैना.** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में बानमौर कस्बे में आज बुधवार सुबह कोचिंग जाते समय ट्रक की चपेट में आने से बारहवीं के एक छात्र की मौत हो गई.

पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 वर्षीय छात्र प्रशांत जाटव आज सुबह घर से कोचिंग जाने के लिए निकला था. इसी दौरान सड़क पार करते समय वह एक ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है. पुलिस के अनुसार मृतक छात्र बानमौर के गंगाराम का पूरा निवासी था.

# इंडिगो की उड़ानें लगातार हो रहीं निरस्त

## आज भी 6 फ्लाइट कैंसिल, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**इंदौर, 31 दिसंबर. देश की प्रमुख निजी एयरलाइंस इंडिगो द्वारा उड़ानें निरस्त किए जाने का सिलसिला लगातार जारी है. मंगलवार को 9 उड़ानों के निरस्त होने के बाद बुधवार को भी इंदौर से जुड़ी इंडिगो की 6 उड़ानों को रद्द कर दिया गया. लगातार फ्लाइट कैंसिल होने से यात्रियों में भारी नाराजगी देखी गई और दिनभर देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही.**




विमानतल सूत्रों के अनुसार, बुधवार को सुबह 7.05 बजे दिल्ली से इंदौर आने वाली और 7.40 बजे इंदौर से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान निरस्त कर दी गई. इसके अलावा रात 9.40 बजे अहमदाबाद से इंदौर आने और 10.05 बजे वापस अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट, वहीं 9.40 बजे चेन्नई से इंदौर आने और 10.10 बजे वापस चेन्नई जाने वाली उड़ान भी रद्द कर दी गई. इन उड़ानों के अचानक निरस्त होने से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. कई यात्रियों को बिना पूर्व सूचना के एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा.

> गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले मंगलवार को भी इंडिगो ने मुंबई, दिल्ली, नासिक और चेन्नई रूट की 9 उड़ानें निरस्त की थीं, जिससे बड़ी संख्या में यात्री प्रभावित हुए थे. सबसे अधिक परेशानी चेन्नई जाने वाले यात्रियों को हो रही है. इंदौर से चेन्नई के लिए केवल एक ही सीधी उड़ान संचालित होती है, जिसे पिछले तीन दिनों से लगातार निरस्त किया जा रहा है. ऐसे में यात्रियों को अन्य शहरों के माध्यम से यात्रा करनी पड़ रही है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं.

## गणित एवं विज्ञान विषय में ओलंपियाड परीक्षा परिणाम घोषित

**भोपाल.** मध्यप्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा हाई स्कूल स्तर पर गणित एवं विज्ञान विषय आधारित ओलंपियाड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये गये हैं. जानकारी के अनुसार प्रदेश में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों की गणित एवं विज्ञान विषय में रुचि संवर्द्धन की दृष्टि से शिक्षण सत्र 2025-26 में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित की गई थी. परीक्षा का पहला चरण 7 दिसम्बर 2025 को सम्पन्न हुआ. यह परीक्षा विकासखंड स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 70 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे. परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया गया था.

## हाईकोर्ट के पास नहीं है आर्टिकल 142 के उपयोग का अधिकार, सजा बरकरार

**जबलपुर, 31 दिसंबर. नाबालिग से दुराचार करने के अपराध में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी.**

अपील में कहा गया था कि जमानत में रिहा होने के बाद उसने पीड़िता से शादी कर ली है और उनका एक बच्चा भी है. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस राम कुमार चौबे की युगलपीठ ने पास्को एक्ट के तहत दी गयी सजा को बरकरार रखते हुए अपने आदेश में कहा है कि भारत के संविधान के आर्टिकल 142 के अधिकार का उपयोग सर्वोच्च न्यायालय के पास है. हाईकोर्ट के पास यह अधिकार उपलब्ध नहीं है.

इटारसी निवासी साजन भट्ट की तरफ से दायर की गयी अपील में कहा गया था कि नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उसके खिलाफ पास्को व बलात्कार सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था. प्रकरण में जमानत मिलने के बाद उसने पीड़ित से शादी कर ली है और उनका एक बच्चा भी है.

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**भिण्ड.** जिला न्यायालय ने करीब तीन साल पहले युवक की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया है. यह घटना 3 जनवरी 2023 की है. जिले के नयागांव थाना क्षेत्र के ग्राम कोट में फरियादी विकास अपने पड़ोसियों के साथ घर के सामने अलाव ताप रहा था. पुरानी रंजिश के चलते आरोपी अमित शर्मा ने गोली मार दी, जिससे विकास की मौत हो गयी. पुलिस ने घटना के बाद मामला दर्ज कर जांच पूरी कर चालान न्यायालय में पेश किया.

# कांग्रेस ने उठाई पीड़ितों के लिए मुआवज़े की मांग

**विशेष संवाददाता**

**इंदौर, 31 दिसंबर. भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी की आपूर्ति से उत्पन्न गंभीर स्वास्थ्य संकट के बीच मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने बुधवार को इलाके का दौरा किया. इस हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 200 से अधिक नागरिक बीमार बताए जा रहे हैं. सेतिया ने गली-गली जाकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की, शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी और घायलों का हालचाल जाना. उन्होंने स्थिति को अत्यंत भयावह बताया.**



रीना बौरासी सेतिया ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये मुआवज़ा देने की मांग करते हुए इस त्रासदी के लिए स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराया. क्षेत्रवासियों ने उन्हें बताया कि नलों में गंदा और जहरीला पानी आने की शिकायतें बार-बार पार्षद कमल वाघेला से की गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि आवाज उठाने पर उन्हें डराया-धमकाया गया.

> मीडिया से बातचीत में उन्होंने सरकार के मुफ्त इलाज के दावों को खोखला बताते हुए कहा कि अस्पतालों में पहले पैसे लिए जा रहे हैं, बाद में इलाज किया जा रहा है. उन्होंने पोस्टमार्टम में देरी पर भी सवाल उठाए और अपर आयुक्त रोहित सिसोदिया तथा नर्मदा परियोजना के प्रभारी अभियंता संजीव श्रीवास्तव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

इन आरोपों के बाद सेतिया महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पार्षद के निवास पर पहुंचीं और प्रतीकात्मक रूप से चूड़ियां भेंट कर विरोध दर्ज कराया.

# समाज के प्रमुख जनों से संवाद करेंगे भागवत

**भोपाल, 31 दिसंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के प्रसंग पर सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का देशभर में प्रवास हो रहा है.**



इसी श्रृंखला में उनका दो दिवसीय प्रवास 2-3 जनवरी, 2026 को मध्यभारत प्रान्त के भोपाल विभाग केंद्र पर रहेगा. इस दौरान चार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे- 2 जनवरी को युवा संवाद और प्रमुखजन गोष्ठी एवं 3 जनवरी को सामाजिक सद्भाव बैठक और शक्ति संवाद. इस कार्यक्रमों में सरसंघचालक डॉ. भागवत जी आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा का उल्लेख करने के साथ ही वर्तमान परिस्थितियों पर भी चर्चा करेंगे. अपने इस प्रवास के दौरान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी 2 जनवरी को भोपाल में आयोजित प्रान्त स्तर के युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे. यह कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सुबह 9.30 बजे से आयोजित किया जाएगा. युवा संवाद में प्रान्त के सभी 31 जिलों के ऐसे युवा शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है और उपलब्धियां अर्जित की हैं. इसी दिन शाम 5.30 बजे से रविन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन है. इसी क्रम में 3 जनवरी को सुबह 9.30 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित है. इसमें विभिन्न समाज के प्रमुख लोग शामिल होंगे. इसी दिन शाम को 5 बजे से मातृशक्ति के साथ शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित है.

# ताला तोड़कर 7 लाख नकद की चोरी

**इंदौर, 31 दिसंबर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में महालक्ष्मीनगर स्थित एक निजी कंपनी के कार्यालय को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है.**

अज्ञात बदमाशों ने कंपनी के ताले तोड़कर कर्मचारियों के वेतन के लिए रखी लगभग 7 लाख रुपये की नकद राशि चोरी कर ली. 36 वर्षीय फरियादी ईश्वर पवार, निवासी लेक्सो हाउस कंट्री पार्क, महालक्ष्मीनगर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार शाम करीब 7 बजे से 9:30 बजे के बीच हुई. आरोपी कंपनी के अंदर प्रवेश कर डायरेक्टर योगेश शर्मा के केबिन में रखे लॉकर को तोड़कर नकदी ले गए. चोरी की यह रकम विशेष रूप से कर्मचारियों के वेतन के लिए रखी गई थी. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज, आसपास के लोगों के बयान और अन्य सुरागों की मदद से चोरों तक पहुँचने का प्रयास किया जा रहा है.

# प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के 4,767 पदों पर भर्ती

**भोपाल, 31 दिसंबर. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है. यह भर्ती वर्ष 2025 ( फेज-2 ) के अंतर्गत पूर्णतः अस्थायी, मानदेय आधारित एवं मानसेवी पदों के लिए की जा रही है. इच्छुक एवं पात्र महिलाएं एमपी आनलाईन द्वारा विकसित 'चयन पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं.**




प्रदेशभर में कुल 1,573 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 3,194 आंगनवाड़ी सहायिका, इस प्रकार कुल 4,767 पदों पर भर्ती की जाएगी. इनमें दिसंबर 2025 तक के रिक्त पदों के साथ जनवरी 2026 से जून 2026 तक संभावित रिक्तियां भी शामिल हैं. आवेदन प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक चलेगी.

# कांप उठा मध्यप्रदेश : 1 .7 डिग्री पर जमी जिंदगी

**30** से अधिक शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सि से नीचे

**24** घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभाग शुष्क रहा

### न्यू ईयर भी ठंड और कोहरे की गिरफ्त में



**भोपाल, 31 दिसंबर. मध्यप्रदेश इन दिनों कड़ाके की ठंड की चपेट में है. इस सीजन में पहली बार प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में सर्दी ने बेहद तीखा असर दिखाया है. हालात ऐसे हैं कि शहडोल जिले के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सर्दी का अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है. ठंड के इस तीव्र प्रकोप से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है.**

मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और तेज उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम के कारण प्रदेश में रात के तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है. प्रदेश के 30 से अधिक शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है. खासतौर पर जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में ठंड का असर सबसे ज्यादा महसूस किया जा रहा है. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. शहडोल जिले में शीत लहर का प्रभाव बना रहा. इस दौरान ग्वालियर, रीवा, शहडोल और सागर संभागों में अधिकतम तापमान में 2.5 से 3.7 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि शेष संभागों में तापमान में विशेष बदलाव नहीं हुआ. न्यूनतम तापमान भोपाल और शहडोल संभाग में 2.1 डिग्री तक बढ़ा.



# पुलिस ने दर्ज की उपलब्धियां

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 31 दिसंबर. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और दृढ़ दिशा-निर्देशन में वर्ष 2025 के दौरान मध्य प्रदेश पुलिस ने ऐतिहासिक सफलताएँ हासिल कीं. इन उपलब्धियों ने राज्य में आंतरिक सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और जनता के विश्वास को नई मजबूती प्रदान की है.**

वर्ष 2025 राज्य के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुआ, जब तीन दशक से अधिक समय बाद मध्य प्रदेश को पूरी तरह नक्सल मुक्त घोषित किया गया. हॉक फोर्स, जिला पुलिस और विशेष सशस्त्र बलों द्वारा सुनियोजित अभियानों के तहत करोड़ों रुपये के इनामी कई हार्डकोर नक्सलियों को ढेर किया गया अथवा गिरफ्तार किया गया. दिसंबर माह में 10 सशस्त्र नक्सलियों के आत्मसमर्पण ने राज्य की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की प्रभावशीलता को भी रेखांकित किया.


कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आतंक मॉड्यूल, संगठित अपराध और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई. जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले के एक प्रमुख फरार आरोपी की गिरफ्तारी ने पुलिस की दक्षता और तत्परता को उजागर किया. वहीं, राज्यव्यापी 'नशा से दूरी है ज़रूरी' अभियान जनआंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें सख्त प्रवर्तन के साथ जनभागीदारी सुनिश्चित की गई. इसके परिणामस्वरूप मादक पदार्थों और अवैध शराब की रिकॉर्ड जब्तियाँ की गईं.

> महिला एवं बाल सुरक्षा के क्षेत्र में ऑपरेशन मुस्कान के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई. साइबर अपराध नियंत्रण में ठगी की राशि की त्वरित रिकवरी, तथा तकनीक आधारित पहल—जैसे ई-जीरो एफआईआर, आईसीजेएस, ई-ऑफिस और सीईआईआर—ने पुलिसिंग को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया. इसके साथ ही भर्ती अभियानों, पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों और डायल-112 व सीपीआर प्रशिक्षण जैसी जनसुरक्षा पहलों से पुलिस की कार्यक्षमता में और वृद्धि हुई. इन सभी

**बिजली में बंपर रिकॉर्ड** | ऊर्जा में ऐतिहासिक छलांग, मध्यप्रदेश ने रचा नया पावर रिकॉर्ड

# मध्यप्रदेश ने तोड़ा अब तक का डिमांड आंकड़ा

**भोपाल , 31 दिसंबर . वर्ष 2025 में मध्यप्रदेश ने ऊर्जा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए बिजली आपूर्ति का नया कीर्तिमान स्थापित किया है. प्रदेश में पहली बार 31 दिसंबर 2025 को सुबह 10:44 बजे 19,849 मेगावाट बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया. यह अब तक की प्रदेश की सर्वाधिक बिजली मांग रही, जिसकी आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के की गई.**



प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए कहा कि अधिकतम मांग के समय भी प्रदेश की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ और संतुलित रही. उन्होंने इस सफलता के लिए प्रदेश की सभी विद्युत कंपनियों और बिजली कर्मियों को बधाई दी. तोमर ने कहा कि यह उपलब्धि बिजली कार्मिकों की कड़ी मेहनत, तकनीकी दक्षता और बेहतर समन्वय का प्रतिफल है.

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अधिकतम डिमांड के दौरान प्रदेश के उत्पादन केंद्रों, ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई. किसी भी क्षेत्र में लोड शेडिंग की आवश्यकता नहीं पड़ी, जो प्रदेश की मजबूत ऊर्जा व्यवस्था को दर्शाता है.

एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता ने बताया कि जब प्रदेश में बिजली की मांग 19,849 मेगावाट दर्ज की गई, तब विभिन्न विद्युत वितरण कंपनियों में मांग इस प्रकार रही— मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर एवं रीवा संभाग) में 5,351 मेगावाट, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल एवं ग्वालियर संभाग) में 6,171 मेगावाट, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर एवं उज्जैन संभाग) में 7,911 मेगावाट, जबकि एसईजेड एवं रेलवे क्षेत्र में 416 मेगावाट बिजली की मांग दर्ज की गई.

> अधिकतम मांग के समय बिजली आपूर्ति विभिन्न स्रोतों से की गई. ताप विद्युत गृहों से 3,638 मेगावाट, जल विद्युत गृहों से 1,568 मेगावाट, नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 1,456 मेगावाट, जबकि एनटीपीसी, बैंकिंग एवं अन्य स्रोतों से कुल 13,187 मेगावाट बिजली प्राप्त हुई. ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह रिकॉर्ड आपूर्ति प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और भविष्य की बढ़ती मांगों को पूरा करने की दिशा में एक मजबूत संकेत है. वर्ष 2025 के समापन पर बना यह कीर्तिमान आने वाले वर्षों के लिए नई ऊंचाइयों की नींव रखता है.

## भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4345 रुपये घोषित

**भोपाल.** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए बुधवार को 4345 रुपये प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. यह मॉडल रेट उन किसानों पर लागू होगा, जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज कृषि उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इसी दर के आधार पर किसानों को भावांतर योजना की राशि का भुगतान किया जाएगा. राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य और मॉडल रेट के अंतर की भरपाई भावांतर योजना के तहत सीधे किसानों के खातों में की जाती है. सोयाबीन के लिए सरकार द्वारा 5328 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी की गारंटी दी गई है.